हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून, 2025

11 जांडवाला सोतर में पेयजल सप्लाई से 18 कनेक्शन काटे



12 ड्रग मनी से खरीदी संपत्ति को अटैच किया जाएगा



# निर्जला एकादशी पर शहर में 105 जगह लगी मीठे पानी की छबीलें, ब्राह्मणों के घर दान करने वालों की लगी कतारें

## मंदिरों में भक्तों ने हाथ के पंखे, घड़े और तरबूज व खरबूजे का दान किया

**अलसुबह ही मंदिरों में भगवान विष्णु के जयकारे लगने लगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

निर्जला एकादशी का पर्व शुक्रवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। अलसुबह ही मंदिरों में भगवान विष्णु के जयकारे लगने लगे। सुबह करीब 10 बजे तक मंदिरों व ब्राह्मणों के घर दान-दक्षिणा देने और पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। शहर में करीब 105 जगह मीठे पानी की छबीले लगाई गई। छबीलों की वजह से जगह-जगह जाम लगा रहा। कुछेक जगह तो लोगों ने आलू व भेह का प्रसाद भी बांटा। देर शाम को लोगों ने पूजा अर्चना कर व्रत खोला।

### एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित

ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत की महिमा सनातन शास्त्रों में वर्णित है। श्री श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा का कहना है कि धार्मिक मत है कि एकादशी व्रत करने से साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही मृत्यु उपरांत उच्च लोक में स्थान मिलता है। समाज के लोग एकादशी पर्व धूमधाम से मनाते हैं। शुक्रवार को फतेहाबाद में निर्जला एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। भक्तों ने निर्जल व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन कर परिवार में खुशहाली की कामना की। शहर में जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने छबील लगाई। राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। मंदिरों में भक्तों ने हाथ के पंखे, घड़े और तरबूज व खरबूजे का दान किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।





फतेहाबाद। निर्जला एकादशी पर श्याम मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु व गुरुकृपा मंडल के सेवादार भारत टूटेजा, रजत मेहता, दीपक मदान, यश कायत छबील पर सेवा करते हुए।

### निर्जला एकादशी पर गोशाला में भक्ति और सेवा का संगम

*भूना। निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को श्री कृष्ण गौशाला नाढोड़ी में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में गोभक्त गौशाला पहुंचे। गायों को हरा चारा, अनाज, गुड़, केले और अन्य फल अर्पित किए। भक्तों ने गायों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। गौसेवा का संकल्प दोहराया। नाढोड़ी की श्रद्धालु एवं गौ-सेविका सुनीता धारणिया, रिया बिश्नोई, माया बिश्नोई, कृष्णा देवी शर्मा, सुनीता बिश्नोई और बाला बिश्नोई ने मिलकर 51-51 किलो तरबूज गौमाता को अर्पित किए। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर गौमाता की महिमा का गुणगान किया। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। सुनीता धारणिया व माया बिश्नोई ने कहा कि निर्जला एकादशी तप, दान और सेवा का प्रतीक है। गौसेवा सबसे बड़ा पुण्य है। गायों को तृप्त कर आत्मिक संतोष मिला। गौशाला प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया। कहा, ऐसी सेवाएं समाज में धर्म, करुणा और समर्पण की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासियों और गौसेवकों का विशेष सहयोग रहा। दिनभर गौशाला परिसर भक्ति, सेवा और भजन की गूंज से आध्यात्मिक वातावरण में डूबा रहा।*

## खबर संक्षेप

### कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के लिए तिथि घोषित

**फतेहाबाद।** भर्ती निदेशक सेना कार्यालय, हिसार ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई के बीच में किया जाएगा। यह परीक्षा देशभर के विभिन्न केंद्र पर नआयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी होने से लगभग 3-4 पहले एसएमएस या ई-मेल द्वारा उनके परीक्षा केंद्र के स्थान की जानकारी दी जाएगी।

### एचडीएफसी बैंक से लेपटॉप चोरी

**सिरसा।** शहर के एचडीएफसी बैंक में कार्यरत दो कर्मचारियों के लेपटॉप चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव तेजाखेड़ा निवासी देशदीप ने बताया कि वह सांगवान चौक स्थित एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। बैंक की ओर से कार्य करने के लिए उसे लेपटॉप दिया गया है। बीती 26 मई को बैंक से उसका लेपटॉप चोरी हो गया। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### ट्यूबवेल से केबल चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस ने खेतों में सबमर्सीबल केबल चुराने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान जीवन सिंह के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 अगस्त 2023 को गांव ढेर के किसान हाकम सिंह व गुरप्रीत सिंह आदि किसानों की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### कार और पिकअप में हुई टक्कर, चार दोस्त घायल

**फतेहाबाद।** हिसार रोड पर सब्जी मण्डी के पास शुक्रवार सुबह एक पिकअप गाड़ी और कार के बीच हुई टक्कर में चार युवक घायल हो गए। हादसे में दोनों गाडियों आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक्सीडेंट के बाद पिकअप सवार दो लोग मौके से फरार हो गए वहीं मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने कार सवार युवकों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

### हिसार रोड पर धंसी तूड़ी से भरी ट्रेक्टर-ट्राली

**सिरसा।** शहर में जलनिकासी के लिए स्ट्राम वाटर प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन से लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को हिसार रोड पर अंबेडकर चौक से परशुराम चौक के बीच तूड़ी से भरी टैक्टर-ट्राली सडक़ के किनारे बने गहरे गड्ढे में धंस गई। इस हादसे के दौरान ट्रेक्टर-ट्राली पलटने से बाल-बाल बच गई।

### टोहाना में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फैक्ट्री कर्मचारी टोहाना स्थित भगवती इंडस्ट्रीज में नौकरी करता है। फिलहाल घायल कर्मचारी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती है।

### सांसद सैलजा 18 जून को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 18 जून को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा करेंगी।जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि दिशा कमेटी की बैठक में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा अन्य कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा करेंगी।

## हाथोंहाथ गांव में पहुंच गई 121 मीटर पाइप, आज शुरू होगा डालने का काम

# 3 महीने से पानी किल्लत से आजिज ढाणी छतरियां के लोग पहुंच गए डीसी के दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव ढाणी छतरियां में पिछले तीन महीने से पाइप लाइन टूट जाने के कारण आधे गांव में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर गई थी। पानी किल्लत से आजिज आए गांव के करीब 200 महिला-पुरूषों ने वीरवार को लघु सचिवालय में पहुंचे लेकिन वहां मौके पर डीडीपीओ अनूप सिंह ने उन्हें झूठा आश्वासन देकर वहां से वापस भेज दिया। इस बीच डीसी मनदीप कौर ने डीडीपीओ को गांव में नई पेयजल पाइप लगाने के आदेश दिए लेकिन डीडीपीओ ने इसकी कोई परवाह नहीं की। देर रात तक जब पानी की समस्या हल नहीं हुई तो शुक्रवार को ग्रामीण पुनः डीसी दफ्तर पहुंच गए। ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक पानी की पाइप लाइन नहीं जोड़ी जाती, तब तक वह यहीं रहेंगे।

इतना ही नहीं महिलाओं ने डीसी दफ्तर की चौखट के बाहर धरना दे दिया। शुक्रवार को बीडीपीओ ने बताया कि गांव में 100 एमएम की 121 मीटर पाइप पहुंचा दी गई है और काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वीरवार को किसी कारणवश पाइप उपलब्ध नहीं हो सकी थी। डीसी कार्यालय पहुंचे ढाणी छतरियां निवासी मीनू, संतोष, रामरत्ति, रवि, रामकुमार, छबील दास, सुरेन्द्र आदि ने कहा कि उनके गांव में पिछले कई दिनों से पीने के पानी का संकट छाया हुआ है। 2 जून को डीसी कार्यालय में शिकायत दी थी। इसके बाद पब्लिक हेल्थ के जेई ने मौके का निरीक्षण किया था। जेई ने कहा था कि पाइप लाइन जोडऩे में समय लगेगा। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मियों के दिनों में हमें पीने के लिए पानी काफी दूर से लाना पड़ता है। पशुओं के लिए भी पानी नहीं है क्योंकि गांव के तालाब सूखे पड़े हें। ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि अगर 300 फुट पाइप लाइन का टुकड़ा और जोड़ दिया जाए तो उनकी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इस मामले को लेकर ग्रामीण वीरवार को डीसी फतेहाबाद और डीडीपीओ फतेहाबाद से मिले थे।

डीडीपीओ और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने शाम तक उनकी पेयजल समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद ग्रामीण वापस घर लौट गए और रातभर अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन न तो गांव में कोई अधिकारी आया और न ही उन्हें पानी मिला। इससे ग्रामीणों में रोष फैल गया।

दरअसल गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थी। किसी कारणवंश दो गलियां रह गई थी। इसमें 280 फुट पाइप डलनी है। आज पब्लिक हैल्थ विभाग ने पाइप भिजवा दी है लेकिन पलम्बर नहीं मिल पाया। दरअसल दो गलियों में पाइप गुजरेगी तो पलम्बर की वहां सख्त जरूरत है। ग्राम पंचायत शनिवार सुबह 8 बजे काम शुरू करवा देगी।



फतेहाबाद। डीसी कार्यालय की चौखट पर धरना देकर बैठी महिलाएं।

### दोपहर तक किसी अधिकारी ने नहीं की सुनवाई

शुक्रवार सुबह एक बार फिर सैंकड़ों ग्रामीण एकत्रित होकर डीसी कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के रवैये पर रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी उनकी समस्या को गंभीरता से ही नहीं ले रहे हैं। जान-बूझकर मामले को लटकाने की कोशिश की जा रही है। सुबह ही गांव के महिला-पुरूष सचिवालय पहुंच गए और रोष जाहिर किया। जब कोई अधिकारी उनकी सुनने नहीं आया तो दोपहर को महिलाएं लघु सचिवालय की प्रथम मंजिल स्थित डीसी कार्यालय पहुंच गई और डीसी दफ्तर के बाहर धरना दे दिया।

### डीसी को पत्र लिखकर रिपोर्ट भेजी

इस बारे डीसी को पत्र लिखकर रिपोर्ट भेज गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ढाणी छतरियां में पीने के पानी की समस्या के लिए डीआई पाइप 100 एमएम 5 जून को उपलब्ध नहीं हो सकी थी। अब 6 जून को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 121 मीटर पाइप उपलब्ध करवा दी गई है और इसे गांव में पहुंचा दिया गया है। गांव में पाइप लाइन जोडने का काम शुरू हो गया है। शाम तक गांव में पेयजल समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

**-अनिल कुमार**, बीडीपीओ फतेहाबाद

### बीडीपीओ नेसमस्या का हल करवाया

गांव में पानी की समस्या थी। अब जनस्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को पाइप उपलब्ध करवा दी है, जिससे गांव में पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। इससे पूर्व 50-60 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। बीडीपीओ ने इस समस्या को हल करवा दिया है।

**-सोनिया**, सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी छतरियां



फतेहाबाद। गांव ढाणी छतरियां में पहुंची पाइप लाइन। *फोटो: हरिभूमि*



फतेहाबाद। महिला एसआई की बेटी दीया को बधाई देते एसपी सिद्धांत जैन।

# दीया ने जेईई एडवांस में प्राप्त की 3412वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- पुलिस अधीक्षक ने मिठाई खिलाकर दी बधाई, कहा : बेटियों पर है पूरे समाज को गर्व

फतेहाबाद पुलिस विभाग के लिए यह गर्व का क्षण है कि महिला एसआई गीता की सुपुत्री दीया ने जेईई एडवांस - 2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 3412वीं रैंक प्राप्त कर जिले और विभाग का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने दीया को मिठाई खिलाकर उसकी मेहनत और समर्पण के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दीया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीया ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और परिवार का सहयोग हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। यह सफलता सिर्फ एक छात्रा की नहीं, पूरे पुलिस परिवार और समाज के लिए प्रेरणा है। महिला एसआई गीता ने अपनी ड्यूटी और मातृत्व दोनों को बखूबी निभाते हुए दीया को उच्च शिक्षा की दिशा में प्रेरित किया। यह सफलता महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रति जागरूकता का सशक्त उदाहरण है। दीया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को दिया। उसने बताया कि उसका सपना है कि वह आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर देश के विकास में योगदान दें।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी का दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर युवक से एक लाख रुपये हड़पने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान विशाल उर्फ भूरा पुत्र गज सिंह निवासी मुजफ्फरपुर, मेरठ के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी रोहित को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि पुलिस ने 13 नवंबर 2024 को रतिया निवासी जसप्रीत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।



रतिया। बिजली लाइन समस्या को लेकर अधिकारी से मिलने जाते किसान यूनियन के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# किसान यूनियन ने नौ जून का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

- बिजली लाइन की समस्या से परेशान हैं किसान

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां द्वारा खोखर ढाणी की ट्यूबवेल बिजली लाइन को ठीक करवाने के लिए एक माह पूर्व एस.डीओ रतिया को शिकायत सौंपी गई थी, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर 9 जून तक इस मामले में विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया तो किसानों द्वारा सोमवार को एसडीओ कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के शहरी इकाई प्रधान कर्मा सिंह , निर्भय सिंह, दर्शन सिंह, मनदीप सिंह, धर्म सिंह, पपला सिंह, सिकंदर सिंह, अशोक कंबोज आदि किसानों ने कहा कि धान की रोपाई का समय आ चुका है। लाइन की तारें पुरानी व जर्जर हो चुकी हैं और बार-बार टूट जाती है। इस लाइन के नीचे पेड़ है, जिसके कारण किसानो को पूरी लाइट नहीं मिलती और बार बार कट लगता रहता है। इसके चलते किसानों की फसल को नुकसान होता है। इसको लेकर यूनियन द्वारा एक माह पहले एसडीओ को शिकायत दी गई थी लेकिन अभी तक अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया है यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 9 जून तक समाधान नहीं किया गया, तो किसान सोमवार, एसडीओ कार्यालय पर धरना देंगे।

### रेलवे स्टेशन के पास युवक से छीना झपटी

**सिरसा।** दोस्त को रेलवे स्टेशन छोडक़र घर लौट रहे स्कूटी सवार रानियां रोड निवासी युवक से कुछ युवकों ने मारपीट कर मोबाइल, चांदी का कड़ा व बालियां छीन ली। पुलिस को दी शिकायत में योगेश ने बताया कि बीती रात्रि करीब 9 बजे वह अपने दोस्त रोहताश सैनी निवासी हिसार को रेलवे स्टेशन पर छोडऩे के लिए गया था। उसे रेलवे स्टेशन छोडऩे के बाद वह घर लौटने लगा तो स्टेशन से कुछ दूरी पर उसे एक लडक़े ने रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने तुरंत स्कूटी वापस मोड़ ली। जब वह रेलवे कॉलोनी सडक़ मोड़ पर पहुंचा तो दो युवक और आगे खड़े मिले और उसकी स्कूटी रूकवा ली और कुछ और युवकों को वहां बुला लिया। उन्होंने पहले तो एक नंबर पर उसके फोन से 300 रुपए फोनपे करवाए और इसके बाद उसका मोबाइल, चांदी का कड़ा व बालियां लेकर बाइक लेकर भाग गए। उसने किसी तरह परिजनों को घटना के बारे में बताया। परिजनों ने उसे साथ लेकर पुलिस को इस संबंधी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### पेंसिल पैकिंग के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया

पेंसिल पैकिंग के नाम पर ठगी के एक मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दिनेश कुमार पुत्र जयलाल उर्फ बल्ला निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी पर भूना निवासी एक युवक से पेंसिल पैकिंग का झांसा देकर हजारों रुपये ठगने का आरोप है। पुलिस ने उसके कब्जे से 13 हजार 500 की नकदी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को 7 मई को भूना निवासी रोहित कुमार की शिकायत प्राप्त हुई थी। उसने यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें पेंसिल की पैकिंग का काम दिए जाने की बात कही गई थी। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर कॉल करने पर आरोपी ने उससे कहा कि काम शुरू करने के लिए 650 रुपये की एंट्री फीस देनी होगी। इसके बाद आरोपी ने 4150 रुपये और क्रमशः 7560, 9500, 12500, 19999 सहित अन्य किस्तों में कुल 67 हजार 859 ट्रांसफर करवा लिए। जब शिकायतकर्ता ने सामान के बारे में पूछा, तो आरोपी ने कोरियर शुल्क के नाम पर 15 हजार और मांगे। जब शिकायतकर्ता ने यह राशि देने से इंकार कर दिया, तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## विद्यार्थियों व स्टाफ ने किया विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास

# रोग से निपटने की क्षमता प्रदान करता योग

- एमएम कॉलेज में योग अभ्यास शिविर का आयोजन
- शिविर की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार मनोहर मैमोरियल कॉलेज में विशेष योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस, एनसीसी व यूथ रेडक्रॉस के वॉलंटियर्स के अलावा टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग शिविर की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। उन्होंने योग का भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताया और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस दौरान योग की सूक्ष्म क्रियाएं ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में योग क्रियाओं का अभ्यास करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### तनावपूर्ण माहौल में और अधिक बढ़ा योग का महत्त्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि योग का महत्त्व आज की दौड़-भागी जीवनशैली में और तनावपूर्ण माहौल में और अधिक बढ़ गया है। योग हमें तनाव, चिंता, दुख और रोग से निपटने की क्षमता प्रदान करता है। यह हमें मानसिक तनाव को कम करके मनोयोग का विकास करने में मदद करता है और हमें शांति और स्थिरता का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा कि योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। योग के माध्यम से अपने आप को स्वस्थ रखकर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, हमें योग को एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्राचीन काल से ही शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग किया जा रहा हैं। लेकिन योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। पूरे विश्व ने आज योग के महत्व को माना है।



कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।



चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिजनेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

---

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइंटिस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइंटिस्ट के स्किल

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### डिग्री का स्तर बढ़ाएं

डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।

### बेसिक से शुरूआत करें


यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरुआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

---

# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

---

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच** : सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है** : सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

### रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें**: उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं** : रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें**: हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें**: रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें**: अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## पानी की बर्बादी करने पर विभाग ने की कार्रवाई

# जांडवाला सोतर में पेयजल सप्लाई से 18 कनेक्शन काटे

■ टीम लगाकर घर-घर सर्वे करवाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव जांडवाला सोत्तर में पानी कनेक्शन काटते विभाग के कर्मचारी।

पीने के पानी की बर्बाद करने वालों के खिलाफ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आमजन तक पीने का पानी पहुंचाने में बाधा बन रहे ऐसे पेयजल कनैक्शनों को काटा जा रहा है। विभाग की टीम ने आज गांव जांडवाला सोत्तर में जल संरक्षण अभियान चलाया और पानी की बर्बादी कर रहे 18 पेयजल कनैक्शनों को काट दिया।

विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि जल सरंक्षण अभियान के तहत पीने के पानी पर लगाए गए सब्जी व हरा चारा के 18 कनेक्शन काटे गए। उन्होंने बताया की जिले के सभी शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टीम लगाकर घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है, उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटे जा रहे हैं।

इसके अलावा विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है जिनके बिल बकाया है, उनको भी नोटिस दिया जाएगा। यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे ताकि जिले के हर घर को पीने का पानी मिल सके इसमें सभी जिला वासी विभाग का सहयोग करे।

जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता दुर्गेश कुमार ने बताया कि जिन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी लगा रखी थी, उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटते हुए सब्जी और हरा चारा को भी उखड़वाया गया है। यह अभियान जिले के सभी शहरों व सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि आज भी गांव में अभियान के दौरान पाया गया कि कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है जिस कारण शहर के कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पृथ्वी सिंह खंड संयोजक, सतबीर सिंह, इकबाल सिंह, नायब सिंह, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह, नरेश कुमार, जगदीश कुमार, ढोलू राम, सूबे सिंह व विभाग के अन्य कर्मचारी भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने किया योग

**फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित जिला पुलिस लाइन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर डीएसपी यातायात कुलवंत सिंह सहित पुलिस के सैंकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर योगाभ्यास में सहभागिता की।

### गंगा दशहरा पर रामदेव मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में गंगा दशहरा एवं ज्येष्ठ माह की चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में श्रद्धालु संध्या आरती व विशेष पूजा के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर मन्नत मांगी।

### जेईई में 494वीं रैंक, हिमेश का स्कूल ने किया सम्मान

**भूना।** भूना के छात्र हिमेश सोनी ने जेईई एडवांस 2025 में ऑल इंडिया 494वीं रैंक हासिल की। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन ने छात्र को सम्मानित किया। हिमेश ने फतेहाबाद जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वह राजेश कुमार और बबीता रानी के पुत्र हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल निदेशक अजय रेवड़ी ने हिमेश को बधाई दी।

# स्निफर डॉग 'जैक' और 'रैम्बो' की सहायता ने पुलिस ने लाखों का नशा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मई माह में कुल 34 मुकदमे दर्ज किए गए, जिनमें बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी हुई है। इस अभियान में पुलिस के विशेष प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड 'जैक' और 'रैम्बो' ने 10 मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लाखों रुपये के नशीले पदार्थों को सूंघकर खोजने और तस्करों को पकड़वाने में पुलिस टीम की सहायता की। पुलिस की इन कार्रवाइयों में चूरा पोस्त, अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन और अवैध शराब सहित कई प्रतिबंधित नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चला रही है। सूचना तंत्र और डॉग स्क्वॉड की सक्रिय भूमिका के चलते हम नशे के नेटवर्क को ध्वस्त कर रहे हैं।



**फतेहाबाद।** जिला पुलिस कर्मचारियों के साथ जैक और रैम्बो।

# मजदूर, कर्मचारी और किसान 9 को उपायुक्त कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा करते सीटू पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सीटू जिला पदाधिकारियों की बैठक आज काठमण्डी के पीछे स्थित शहीद उधम सिंह भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जागीर सिंह ने की व संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सीटू से सम्बंधित सभी यूनियनों के सदस्य अपनी मांगों को लेकर 9 जुलाई को डीसी कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन करेंगे। लेबर कोड रद्द करने, 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, परियोजना कर्मियों को पक्का करने, व 200 दिन का काम देने, महंगाई , सार्वजनिक क्षेत्र के नीजिकरण पर रोक लगाने जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

**46वें श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट लागू नही की**

*46वें श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट को लागू नही किया जा रहा हैं। लम्बे समय से काम करने वाली परियोजना कर्मियों व कच्चें कर्मचारियों को ना ही तो पक्का किया जा रहा हैं और ना ही 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जा रहा हैं। मनरेगा के बजट में हर साल भारी कटौतियां करके मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची जा रही हैं। ऐसे हालात से जनता का ध्यान भटकाने के लिए जनता को भावनात्मक व काल्पनिक मुद्दें उठाए जा रहे हैं। सरकार की जनता व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों द्वारा 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस दिन फतेहाबाद में भी मजदूर, कर्मचारी, परियोजना कर्मी और किसान अपनी मांगों को लेकर सडकों पर उतरेंगे।*

**आयोजन** | कांग्रेस छोडकर नेता हुए इनेलो में शामिल

# मुआवजा डकारने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर सरकार की चुप्पी हैरानीजनक : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव दैयड़ में इनेलो में शामिल होने वालों का स्वागत करते सुनैना चौटाला।

इनेलो का गढ़ रहे फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर इनेलो का ग्राफ बढने लगा है और इनेलो छोडकर गए नेता दोबारा से घर वापसी कर रहे है। जिले के भट्टू क्षेत्र में इनेलो को आज उस समय जबरदस्त मजबूती मिली जब गांव दैयड़ में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजु चाहर व पूर्व सरपंच राम सिंह सर्वा के नेतृत्व में जगदीश नायक, रामजी लाल नायक सहित सैंकड़ों समर्थकों ने इनेलो की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला की मौजूदगी में इन लोगों ने इनेलो में शामिल होने की घोषणा की। सुनैना चौटाला ने इन कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि इनके घर वापसी से इनेलो को जमीनी स्तर पर और अधिक बल मिलेगा। पार्टी द्वारा सभी को पहले की तरह पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

सुनैना चौटाला ने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा हलका शुरू से ही इनेलो परिवार का हिस्सा रहा है। दैयड़ गांव से शुरू हुई इस मुहिम का असर जल्द ही पूरे जिले में दिखेगा और अनेक नेता और कार्यकर्ता फिर से इनेलो के साथ खड़े नजर आएंगे। सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो की जड़े जननायक चौ. देवीलाल के हाथों से लगी हैं। इस पेड़ से कटकर गई जेजेपी रुपी टहनी सूख चुकी है जबकि इनेलो रूपी वृक्ष आज भी पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश से जेजेपी का चैप्टर पूरी तरह क्लोज हो चुका है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर इनेलो हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा, हलका प्रभारी सतपाल सिद्धु, उन्नत बैनीवाल, अमित जांगू, घोलू जांगड़ा, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह सहित अनेक इनेलो नेता मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुभाष चन्द्र पुत्र मंगला राम निवासी गांव बड़ोपल तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। आज के बाद मेरे व मेरे परिवार का उसके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

बम्पर इनामी योजना-2025

नाम.................................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................................
पता.................................................तहसील ....................पिन..................
जिला ........................ फोन नं. ........................ एजेंट का नाम ........................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 -** 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▶▶| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶| किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶| हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▶▶| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

सिरसा: मै. सर्राफ न्यूज एजेंसी, विश्नोई मार्केट, विश्नोई धर्मशाला के पास, सिरसा, फोन: 9996441500
फतेहाबाद: मै. मनीष न्यूज एजेंसी, मैन बाजार, पीपल वाला चौक, फतेहाबाद, फोन: 9350369523

## खबर संक्षेप

### खेतों से हजारों रुपये की केबल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव नरेलखेड़ा में चोरों ने पंचायती ट्यूबवेल सहित करीब आधा दर्जन ट्यूबवेलों से विद्युत केबल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गुरदीप सिंह ने बताया कि बीती 5 जून की रात्रि को चोरों ने उसके खेतों से 15 फुट, पड़ोसी धर्मेंद्र व पंचायती ट्यूबवैल की करीब 40 फुट, दूसरे ग्राम पंचायत ट्यूबवेल से 100 फुट, दलबीर सिंह, देव सियाराम और बलकार सिंह के खेतों से 50 फुट व अन्य किसानों के खेतों से केबल चोरी कर ली।

### योग दिवस के लिए 11 हजार ने करवाया पंजीकरण

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जिला में इस वर्ष भी बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। विभिन्न विभागों व संस्थाओं की ओर से भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजकीय नेशनल कॉलेज, सीएमसी कॉलेज और डबवाली पुलिस की ओर से योग शिविर आयोजित किए गए हैं। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी योग कार्यक्रम करवाए गए हैं। शिविर के लिए 11 हजार से पंजीकरण करवाया है।

### सीएमके कॉलेज में लगा योग प्रोटोकोल शिविर

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल नागर, योग प्रशिक्षक पंकज कुमार व योग सहायिका आईना ने विद्यार्थियों को यौगिक सूक्ष्म क्रियाएं, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। प्राचार्या रंजना ग्रोवर ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्टीय योग दिवस की तैयारी करना रहा।

### श्री राधाकृष्ण गोशाला में की शिवालय की स्थापना

**सिरसा।** जिला के गांव फरवाई कलां स्थित श्री राधाकृष्ण गौशाला में श्री राधाकृष्ण, शनि मंदिर में शिवालय स्थापना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान प्रधान दीदार सिंह, बलवीर सिंह, ईश्वर मेहला, सुशील, दलीप, दौलतराम, अरविंद शर्मा, पवन मित्तल, मेघनाद शर्मा, कौशल्या देवी, जगदीश मूंड, घनश्याम मित्तल, गौरव जिंदल, वेद भूषण गर्ग, राकेश सिंगला, मंजू पूनिया, अनिल गनेरीवाला सहित गांव के गणमान्यजन व शीतला कीर्तन मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

### आरोपी चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने चोरी का बाइक खरीदने वाले आरोपी युवक को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि हरकिरत सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी नेजा डेला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 को वह बाइक लेकर मेडिसिटी अस्पताल में गया हुआ था। बाइक अस्पताल के सामने खड़ा करके अंदर चला गया। शाम के समय घर जाने के लिए बाहर आया तो बाइक गायब मिली।

## एसपी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

# ड्रग मनी से खरीदी संपत्ति को अटैच किया जाएगा

- ई-साक्ष्य एप्प, ई-चालान तथा ई-सम्मनिंग व ई-डार पोर्टल की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों, सभी जांच अधिकारी तथा अन्य पुलिसकर्मी की बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने आप को ई-साक्ष्य एप्प, ई-चालान तथा ई-सम्मनिंग व ई-डार पोर्टल जैसी आधुनिक तकनीक से अपने आप अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लांए व आमजन के सहयोग से अपराधियों पर पूर्ण रुप से अंकुल लगाएं ताकि समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए। डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि विभिन्न अपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाएं। उन्होंने कहा कि संपति विरुध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य वारदात को अंजाम न दे पाएं।



सिरसा। पुलिस अधीक्षक पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिकायतों का तुरंत निपटारा करें

एसपी ने कहा कि पीएम विंडो, सीएम विंडो, जन संवाद व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों व नशे में सजायाप्ता लोगों की प्रॉपर्टी का ब्यौरा जुटाएं और संबंधित विभाग से अनुमति लेकर नशे की काली कमाई से अर्जित की गई संपति को अटैच करवाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने के रिकॉर्ड को पूरी तरह कंप्युटरिकृत एवं अपडेट रखें तथा उच्च अधिकारियों द्वारा मांगे गए जबाव सही समय पर भेजना सुनिश्चित करें।

# निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

- धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने पिलाया मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को जिला भर में धार्मिक, सामाजिक संस्थाआं द्वारा मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा की गई। अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम की ओर से निर्जला एकादशी पर सेवादारों ने दूध, आइसक्रीम, शर्बत, तरबूज व खरबूजे की छबील लगाकर राहगिरों सेवा की। इस मौके पर पवन गर्ग, अशोक खट्टर, अनिल मेहता, सुरेश बंसल, पंकज शर्मा, अमन बब्बर, कविता, रेणू, रजनी, पूजा सहित अनेक सेवादारों ने राहगिरों को आइसक्रीम दूध पिलाकर सेवा की। वहीं श्री श्याम सेवा समिति ने निर्जला एकादशी पर सालासर धाम मंदिर के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई। समिति के सदस्य दिवेन गोयल, संयम जमालिया व केशव रेल्हन ने संयुक्त रूप से बताया कि गर्मियों में प्यासे को पानी पिलाना बड़ा पुण्य है। समिति ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी रखें। गली में आने-जाने वाले मवेशियों और गायों के लिए भी पानी का इंतजाम करें।माता पद्मावती धाम में संरक्षक ललित जैन के जन्मदिन व निर्जला एकादशी पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई।



सिरसा। निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाते लोग।

### राशन के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा जन वितरण प्रणाली के लाभार्थियों की 30 जून तक पीओएस मशीन पर शत प्रतिशत ई-केवाईसी की जानी है। शत प्रतिशत ई-केवाईसी होने से फर्जी लाभार्थी डिपुओं से राशन नहीं ले पाएंगे। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने राशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपनी ई-केवाईसी की प्रक्रिया को 30 जून से पहले अनिवार्य रूप से पूरा कर लें ताकि राशन लाभार्थियों को राशन लेने में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। लाभार्थी अपनी ई-केवाईसी दो विकल्पों में से किसी एक के द्वारा पूरी कर सकता है। लाभार्थियों को अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी डिपूधारक के पास जाकर वहां पीओएस मशीन पर अपना अंगूठा लगाना पड़ेगा।

## विदेश भागने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फर्जी दस्तावेजों पर युवाओं को विदेश भेजने के मामले में रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान शोभित कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। पकड़ा गया युवक फर्जी दस्तावेजों पर विदेश भागने की तैयारी में था।

थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 अप्रैल को एएसआई अमर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। मामले के अनुसार रतिया पुलिस को सूचना मिली थी कि महेन्द्र सिंह उर्फ मनेन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी चिम्मो रतिया में बस अड्डे के पीछे वाली गली में ग्लोबल अकैडमी पीटीई के नाम से अकैडमी चलाता है और बच्चों को विदेश भेजने का काम करता है। इसके अलावा वह अपराधिक किस्म के लोगों के भी फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र तैयार करके विदेश भिजवाता है। इससे हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता को भी खतरा है। उन्हें सूचना मिली कि शोभित पुत्र महेन्द्र निवासी रत्ताखेड़ा विदेश भागना चाहता है और महेन्द्र सिंह ने शोभित के फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र तैयार करवाकर उसको विदेश भागने में सहयोग कर रहा है।

## जनसमस्याओं का तुरंत निदान करें अधिकारी : शांतनु शर्मा

- उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए निर्देश

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत विभाग, बिजली निगम, सिंचाई विभाग सहित संबंधित अधिकारी अवैध कब्जा हटाने, अतिक्रमण, डिमार्केशन, सफाई व्यवस्था, खाल निर्माण, विभिन्न प्रमाण पत्र, पेंशन संबंधी, बिजली पोल बदलना व अन्य शिकायतें सुनी गई।

### 4797 का समाधान

उन्होंने बताया कि प्राप्त 6006 जन शिकायतों में से 4797 का समाधान किया जा चुका है और 548 शिकायतों पर काम चल रहा है। इसके अलावा 367 शिकायतें खारिज की जा चुकी है, वहीं 138 जनशिकायतें रिओपन है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीएमसी वीरेंद्र, डीआरओ संजय चौधरी, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता धीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला कॉलेज में मना योग दिवस

**सिरसा।** योग को कुछ मिनटों या कुछ दिनों तक सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि योग तो जीवन के हर क्षण, हर पहलू, हर लम्हे में अपनी जीवन शैली में ग्रहणीय है। योग अपने आप से जुड़ते हुए सशक्त तन-मन निर्माण का माध्यम है। यह बात कालेज प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने योग दिवस पर आयोजत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योग अपने तन-मन को एकाग्रचित्त रखते हुए अपनी जीवन पद्धति को संयमित करने की विलक्षण विधि है। उन्होंने तन व मन पर नियंत्रण हेतु योग को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाए जाने का आह्वान भी किया। प्रो. रोहतास ने योग के महत्व, अनिवार्यता एवं मानवीय जीवन में इसकी उपयोगिता को परिभाषित करते हुए महत्त्वपूर्ण योग आसनों को प्रायोगिक स्तर पर करके दिखाया गया।

# कबीर जयंती पर 11 जून को रैली

- भाजपा ने डबवाली में बैठक कर बनाई रणनीति, सीएम पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

आगामी 11 जून को सिरसा की अनाज मंडी में कबीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर डबवाली में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नेहरू स्कूल के प्रांगण में किया गया। बैठक में रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आया।

बैठक में रैली की संयोजिका पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, डबवाली जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा और हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देवकुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यकर्ताओं को रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर सुनीता दुग्गल ने संत कबीर के जीवन और उनके महान संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत कबीर ने सदैव मानव को समानता का पाठ पढ़ाया और उनकी वाणी आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा यह रैली न केवल मुख्यमंत्री की उपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण है, बल्कि यह संत कबीर के समानता और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगी। भाजपा की डबवाली जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा ने भी सभी से बढ-चढकर रैली में पहुंचने का आह्वान किया।



सिरसा। बैठक में पुस्तिका का वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### आईटीआई में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**ओढां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ओढ़ा में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्रपाल सिंह ने अपने विचार छात्र-छात्राओं के साथ सांझा किए तथा ज्यादा से ज्यादा पेड-पौधे लगाने बारे प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के कई लाभ हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छ हवा और पानी, भोजन और संसाधनों की उपलब्धता तथा बेहतर स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण से प्राकृतिक आपदाओं को कम करने, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जैव विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है।इस कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी विनोद कुमार, सुखप्रीत सिंह, मोहित कुमार, अनु देवी, गुरनाम कौर, नवीन कुमार, धर्मवीर गिल व अन्य मौजूद रहे।

### कला, संस्कृति व वीरों की गाथा हमारा गौरव

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुरिया में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के पांचवे दिन शुक्रवार को व्याख्याता हरपाल सहारण ने बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनेक भाषाओं की जानकारी बच्चों के साथ साझी की। उन्होंने हमारी संस्कृति की सराहना की, कौशल का विकास, सशस्त्र बलों, स्वतंत्रता सेनानियों, कलाकारों, प्रतिष्ठित लोगों, स्थानीय नायकों और उनकी गौरव गाथा को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समाज मे शिक्षा, संस्कृति व जागरूकता से विकसित भारत बनाने की दिशा मे आगे बढा जा सकता है। प्रवक्ता सुभाषचंद्र ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से कला, पेंटिंग, डांस, संस्कृति, संस्कार आदि के बारे में बच्चे जानते है, जिससे उनका विकास होता है।

# छात्राओं को कहानी लेखन से कराया परीचित

- बप्पां राजकीय स्कूल में समर कैंप के दौरान दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को भारतीय भाषा समर कैंप के अंतर्गत पांचवें दिन की गतिविधियां उत्साहपूर्वक संपन्न हुई।

इस अवसर पर बच्चों को कहानी लेखन की कला से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने कहा कि कहानी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसी कला है, जो बच्चों में सृजनात्मकता, नैतिकता और चिंतन की शक्ति को विकसित करती है। उन्होंने कहा कि नई-नई कहानियों के माध्यम से हम बच्चों का मार्गदर्शन कर सकते हैं और उनकी कल्पनाशक्ति को पंख दे सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि कहानियां न केवल संस्कार देती हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करती हैं। एक अच्छी कहानी बच्चों के चरित्र निर्माण का आधार बन सकती है। एकादशी के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने नजदीकी गांव में लगी छबील का आनंद लिया और डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने पार्क में फैली झाड़ियों, पत्तों व कूड़े-कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में डाला और स्वच्छता का संदेश दिया। अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने घर से लाए हुए विभिन्न व्यंजन साझा किए और स्वाद एवं खानपान की विविधता को भी अनुभव किया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार, सुखविंद्र सिंह, संदीप कुमार, सरोज रानी, रचना मेहता आदि मौजूद थे।





सिरसा। पोस्टर के माध्यम से भारतीय भाषा का संदेश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नगरपालिका चुनाव के चलते हथियार जमा करवाने के निर्देश

**सिरसा।** नगरपालिका कालांवाली के प्रधान व वार्ड सदस्य पद के लिए आम चुनाव के मद्देनजर रखते हुए जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदत: शक्तियों का प्रयोग करते हुए कालांवाली नगरपालिका क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 लागू की है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि इस प्रक्रिया के दौरान किसी कोई भी व्यक्ति अपने साथ आग्रेय शस्त्र व अन्य प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। सभी लाइसेंस धारकों को भी आदेश दिए गए है कि वे आगामी एक सप्ताह के अंदर-अंदर अपने हथियार अपने नजदीकी पुलिस थानों में अथवा मंजूरशुदा आर्म डीलर के पास जमा करवाए। यह आदेश पुलिस विभाग व अन्य सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी अधिकारियों / कर्मचारियों पर जो अपनी ड्यूटी पर तैनात हो उन पर लागू नहीं होंगे। जारी आदेशों के अनुसार पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों एवं अन्य सरकारी कर्मचारी, बशर्ते वे वर्दी में हों और शस्त्रों का प्रयोग केवल सरकारी ड्यूटी के दौरान करें। इसके अतिरिक्त, बैंकों व निजी बैंकों के अधिकृत सुरक्षा गार्ड, एटीएम की सुरक्षा में तैनात गार्ड व अन्य को इससे छूट रहेगी।

# बच्चों ने क्विज में दिखाई प्रतिभा

- जांभाणी संस्कार शिविर के चौथे दिन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बिश्नोई मंदिर में समाज के छात्र-छात्राओं के लिए चल रहे जांभाणी संस्कार शिविर के चौथे दिन पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय श्री गुरु जंभेश्वर पार्क में प्रार्थना सभा व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों व सभा के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया। व्याख्यान श्रृंखला में पहुंचे हरिराम खिचड़, डॉ. हरिराम सिहाग व बुधराम कड़वासरा ने समाज के धामों व साथरियो की जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों/संस्थाओं की चर्चा की। बुधराम कड़वासरा ने चर्चित संस्कारों का वर्णन किया। हरीराम खिचड़ ने एक छोटे से क्विज के माध्यम से बच्चों की मानसिक दक्षता को परखा। कार्यक्रम में सभा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों व सेवक दल सदस्यों के अतिरिक्त समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रचार सचिव डॉ. मनीराम सहारण ने मंच व्यवस्था स भालने के साथ-साथ बच्चों को बिश्नोई समाज का जीवों व वृक्षों के प्रति प्रेम का वर्णन किया। दोपहर बाद के आखरी सत्र में भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया तथा पर्यावरण प्रदूषण, जीव दया प्रातः स्नान, हवन व वृक्षारोपण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।



सिरसा। जांभाणी संस्कार शिविर के दौरान पौधारोपण करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**ट्रेनिंग** नेशनल व महिला कॉलेजों में पहुंची पुलिस की टीम

# महिला पुलिस की टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया

स्टाफ व छात्राओं को डायल 112, महिला हेल्प लाइन के बारे में भी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला थाना पुलिस की टीम ने शहर के नेशनल व महिला कॉलेजों में पंहुचकर उपस्थित छात्राओं से को महिला सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स बताते हुए कहा कि यदि खुद पर किसी प्रकार की मुसीबत आए तो घबराना नही चाहिए। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो हिम्मत नही हारनी चाहिए तथा मुसीबत के समय डट कर मुकाबला करना चाहिए। महिला पुलिस टीम ने उपस्थित स्टाफ व छात्राओं को डायल 112, महिला हेल्प लाइन, महिला सुरक्षा, महिला शिक्षा व महिला अधिकारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के महत्वपूर्ण टिप्स भी बताएं हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या असहज स्थिति महसूस होने पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए डरने की बजाय साहसिक कदम उठाना जरूरी है । महिला पुलिस टीमों ने प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।



सिरसा। कॉलेज छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताते महिला पुलिस।

### अधिकारों की दी जानकारी

महिला पुलिस टीमों ने छात्राओं से कहा कि महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इसलिए बेझिझक होकर बेटियां अपने हुनर का प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि महिलाएं व छात्राएं स्वयं को सुरक्षित समझे और जरूरत पडने पर किसी भी समय महिला हेल्पलाइन 1091 डायल 112 तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 100 पर संपर्क कर मदद ले सकती है। महिला पुलिस टीमों ने बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु जिला स्तर पर महिला थाना, महिला पीसीआर व महिला सेल स्थापित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह से कटिबद्ध है,तथा उन्हें सुरक्षित माहौल देना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।